Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांक: 23 / 02 / 2023

प्रकाशनार्थ

## होटल मैनेजमेंट में आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला

फास्टेस्ट ग्रोइंग सेक्टर है होटल मैनेजमेंटरू प्रो. विनय कुमार सिंह

होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलोजी पाठ्यक्रम कुलपति प्रो. राजेश सिंह का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है, मुझे प्रसन्नता है कि यह पाठ्यक्रम अपने उद्देश्यों के साथ आगे बढ़ रहा है। नैक मूल्यांकन के आधार पर देश में हमारा विश्वविद्यालय अग्रिम पंक्ति में शामिल हो गया है। गोरखपुर विश्वविद्यालय अब एक ब्रांड है।

उक्त वक्तव्य होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलोजी विभाग में ष्मेन्यू प्लानिंग एंड डिजाइनिंगष विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए निदेशक स्ववित्तपोषित पाठयक्रम प्रो. विनय कुमार सिंह ने दिया।

अपनी बात आगे बढ़ाते हुए प्रो. विनय कुमार सिंह ने छात्र–छात्राओं को मेन्यू से सम्बन्धित विभिन्न रोचक उदाहरणों तथा तथ्यों से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रोफेशनल तथा साइंटिफिक तरीके से मेन्यू बनाने पर ध्यान देना होगा। मेन्यू कार्ड पर वस्तुओं के मूल्य के साथ साथ न्यूट्रिशनल वैल्यू की भी चर्चा की जानी चाहिए।

पाठ्यक्रम की समन्वयक डॉ. रूचिका सिंह ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशाला गुणवत्ता, प्रस्तुति तथा व्यक्तित्व के रचनात्मक विकास में सहायक होती है।

कार्यक्रम का संचालन होटल मैनेजमेंट के प्राध्यापक मोहम्मद कुरेश खान एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रसेनजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर सह समन्वयक दीपेन्द्र मोहन सिंह, डॉ. अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में विजेताओं को मिले प्रमाण पत्र

कार्यशाला में प्रतिभाग कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। लगभग 30 विद्यार्थियों ने थीम आधारित मेन्यू तैयार कर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur